IV दैनिक जागरण नई दिल्ली, 6 दिसंबर, 2020

डीएमआरसी के साथ किया अनुबंध

जागरण संवाददाता, नोएडा : एक्वा लाइन मेट्रो के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-2 तक विस्तार की परियोजना के लिए शुक्रवार को नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) ने दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन (डीएमआरसी) के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस तहत एनएमआरसी ने डीएमआरसी को प्रोजेक्ट मैनजमेंट कंसलटेंट के रूप में चुना है। एनएमआरसी के एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर व प्राधिकरण के एसीईओ प्रवीण मिश्रा व डीएमआरसी के डायरेक्टर (बिजनेस डिवलेपमेंट) पीके गर्ग ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। अनुबंध पांच वर्ष की अवधि के लिए किया गया है।

अनुबंध के तहत डीएमआरसी सलाहकार के रूप में नई परियोजना में सिग्नलिंग, टेलिकाम, ट्रैक के अलावा नई लाइन के लिए सभी प्रकार के सिस्टम में सलाह व मदद करेगा। इसके अलावा डीएमआरसी लागत को कम करने, निर्माण डिजाइन, प्रूफ चेकिंग के अलावा विद्युत यांत्रिकी से संबंधित कार्यों के लिए भी सलाह देगा। निर्माण के दौरान निगरानी और निर्माण की गुणवत्ता की जांच भी करेगा। इसके अलावा संचालन के लिए एनएमआरसी के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का कार्य भी डीएमआरसी द्वारा किया जाएगा।

एनएमआरसी व डीएमआरसी के बीच हुए अनुबंध के दौरान मौजूद (दाएं से) एनएमआरसी के एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर एसीईओ प्रवीण मिश्रा व डीएमआरसी के डायरेक्टर (बिजनेस डिवलेपमेंट) पीके गर्ग ● सौ.एनएमआरसी

विकास

- पांच साल के लिए अनुबंध पर किए गए हस्ताक्षर
- डीएमआरसी नई परियोजना में सिग्नलिंग आदि में करेगा मदद

बता दे एक्वा लाइन के विस्तार की फेज-2 चरण की परियोजना में एनएमआरसी सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-2 तक मेट्रो का विस्तार करने जा रही है। इसकी दूरी 9.605 किमी है। पूरे रूट पर पांच स्टेशन सेक्टर-122, सेक्टर-123, ग्रेटर नोएडा सेक्टर-04, इकोटेक-12 और ग्रेटर नोएडा नोएडा सेक्टर-2 शामिल है। ये सभी स्टेशन एलिवेटेड होंगे।